हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 5 मई 2025

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 23 .0 डिग्री

11 स्वयं करके सीखने की प्रवृति को मिला बढ़ावा : राजेश

11 पेयजल संरक्षण बारे जागरूक कर रही टीम

खबर संक्षेप

दो कार की टक्कर में एक की मौत, 3 गंभीर

जींद। गांव पौली के निकट कार ने दूसरी कार को टक्कर मार दी। एक की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। जुलाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुडलाना निवासी संदीप, सुनारिया निवासी मनोज, विनोद, अकालगढ निवासी संदीप कार में सवार होकर गांव अकालगढ से रोहतक जा रहे थे।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

कैथल। कैथल के गांव गढ़ी में ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उसे अस्पता में दाखिल करवाया है। माता गेट कैथल के बबलू ने सदर थाना में दी शिकायत में बताया कि मजदूरी करता है। 2 मई को बाइक पर मालखेड़ी गया था। वापसी में सावन मिला। दोनों अलग-अलग बाइक पर थे। गढ़ी ड्राइविंग सैंटर के पास ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने सावन की बाइक को टक्कर मार दी।

चोरों ने दुकान से हजारों का सामान चुराया

कैथल। गांव किठाना से चोर सैनिटरी स्टोर की दुकान का ताला तोड़ते हुए कर उसमें रखे 10000 की नकदी व अन्य सामान चुरा कर ले गए। इस संबंध में गांव के किठाना रिंकू ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि वे शुक्रवार को अपनी दुकान को ठीकठाक बंद करके आए थे। शनिवार को सुबह जाकर उसने देखा तो दुकान का शटर टूटा हुआ था।

बैठक में निपटाए बिजली संबधी शिकायतें

कैथल। उतर हरियाणा बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटान के लिए, उपभोक्ता शिकायत निवारण बिजली अदालत की बैठक का आयोजन कार्यालय के सभागार में हर मंगलवार 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे किया जाएगा।

शराब नहीं दी तो हमला कर सैल्समेन को किया घायल

जींद। गावं पाजू कला मे रात को शराब देने से मना किया तो आरोपितो ने हमला कर सेल्जमेन को घायल कर दिया। सदर थाना सफीदो पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार युवको के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव अरडाना करनाल निवासी कपिल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात वह गांव पाजूकला के शराब ठेके पर डयूटीरत था।

गेहूं का उठान कम होने से आढ़ती परेशान

नरवाना। अनाज मंडी आढ़तियों की शिकायत है कि गेहूं का उठान कम होने से बरसात में भीगने का खतरा बना रहता है। इसमें खुले में पड़ा गेहूं और भरें कट्टे भी भीगने का खतरा हमेशा बना रहता है। जबकि इसकी जिम्मेदारी ठेकेदार की है जो कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने आदेश जारी करने के बाद भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

जाजनवाला से युवती लापता, मामला दर्ज

जींद। गांव जाजनवाला से लाईब्रेरी के निकली युवती के सदिग्ध हालात मे गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जाजनवाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से लाईब्रेरी के लिए निकली थी।

मारपीट में एक व्यक्ति घायल

कैथल। कैथल के गांव माजरी के निकट हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। माजरी के देवेंद्र ने गुहला पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। 27 अप्रैल को रात के 8:00 बजे वह अपने दोस्त बंटी की करियाना की दुकान पर जा रहा था।

कैथल में बरसात के साथ ओलावृष्टि ने बढ़ाई धरतीपुत्रों की चिंता, मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं फिर भीगा

बरसात से बेल वाली सब्जियों के खराब होने का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में रविवार को भी शाम के समय मौसम में अचानक बदलाव हुआ। इसके तहत शाम के समय ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश हुई। इसके बाद लोगों को गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन किसानों की चिंता बढ़ी। बता दें कि मौसम विभाग ने भी 3 दिन में पश्चिम विक्षोभ के चलते आंधी चलने और बादल छाने के साथ बारिश होने की उम्मीद है। बारिश के बाद किसानों की चिंता बढ़ गई है। बता दें कि खेतों में इस समय हो रही बारिश से बेल वाली सब्जियों के खराब होने का खतरा है। वहीं, उठान की गति धीमी होने के कारण अभी भी शहर की तीनों अनाज मंडियों में करीब 50 हजार गेहूं की बोरियां खुले में पड़ी है।

बारिश के बाद से मौसम सुहाना

बारिश के बाद शहर के कई निचले हिस्सों में जलभराव भी हो गया। जिस कारण आमजन को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, इससे पहले पिछले सप्ताह वीरवार को आई तेज बारिश व आंधी व तूफान ने मौसम में एकदम बदलाव हुआ था। इसके बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी। बारिश के बाद शहर में तापमान में सात से नौ डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। किसानों को अभी थोड़ा इंतजार करना चाहिए। प्रदेश सहित जिले में आठ मई तक लगातार पश्चिम विक्षोभ सक्रिय रहेंगे। इस वजह से बारिश होने की संभावना है। आगामी तीन दिनों में बारिश हो सकती है जिससे तापमान सामान्य से कम रहेगा। बारिश के बाद से मौसम सुहाना बना हुआ है। बारिश के कारण रविवार को तापमान में कमी दर्ज की गई, जिससे गर्मी से काफी राहत रही। अधिकतम 36.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया । इसके साथ 12 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली। इस दौरान चली हवा ने मौसम खुशनुमा बनाए रखा। शाम को छह बजे के बाद एक बार फिर मौसम में परिवर्तन देखने को मिला और तेज बारिश हुई। हालांकि मौसम खुश दौरान शहर के पार्कों, बगीचों व बाजारों में लोगों की खूब भीड़ देखने को मिली।

कैथल। बरसात के बाद पार्क में पड़े ओले। फोटो :हरिभूमि

जींदः चली धूल भरी हवा, बारिश के आसार

जींद। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता ने जिले के लोगो को भीषण गर्मी से राहत दिलाने को काम किया है। दिन के तापमान मे भी गिरावट दर्ज की गई। रविवार शाम को मौसम ने फिर से करवट ली। आकाश मे गर्जना के साथ बादल घिर आए और धूल भी जमा दिखाई दी। जिसके चलते धूल भरी हवा चलने लगी, बारिश के आसार बन गए। रविवार को को अधिकतम तापमान 33डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम मे आद्रता 61 प्रतिशत तथा हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सात मई तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। बादलवाई तथा बारिश के साथ धूल भरी हवा चलने की सभावना है। रविवार को दिन का आगाज सुहाने मौसम के साथ हुआ। दिन चढने के साथ मौसम का मिजाज गर्म होता चला गया। बीच बीच मे आंशिक बादलवाई भी बनी रही। शाम का मौसम ने करवट ली और आकाश मे बादल छा गए। खूब गर्जना भी हुई।

मार्केट कमेटी का फर्म को नोटिस बना चर्चा का विषय

मालिक की पांच माह पूर्व मौत, फर्म बंद

- फर्म का जुर्माना भरा गया, किसने भरा ये बना रहस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



अनाज मंडी मे फर्म का मार्केट कमेटी द्वारा जारी किया गया नोटिस का अनोखा मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि जुर्माना राशि भरी गई, लेकिन भरी किसने यह बना रहस्य। जिस फर्म को नोटिस दिया गया उसके मालिक की मौत को पांच माह बीत चुके हैं और फर्म बंद पड़ी है। सीजन को फर्म ने कोई खरीद नही की। इसमें गेहूं को भीगने से बचने के लिए कारगार कदम नही उठाने की के बारे मे कहा गया है। फर्म मालिक के बेटे ने दावा किया कि पता चलने पर मार्केट कमेटी सचिव ने जेब से जुर्माना भरा है। जबकि मार्केट कमेटी सचिव का दावा है कि फर्म ने माफी मांगते हुए दो हजार रुपये का जुर्माना भरा है। सोशल मीडिया पर फर्म मालिक के बेटे का वीडियो तथा मार्केट कमेटी का नोटिस चर्चा का विषय बना हुआ है। अनाज मंडी निवासी प्रेमचद गोयल ने बताया कि उसके पिता रामधारीमल की अनाज मडी मे जय ज्वाला जी ट्रेडिग के नाम से फर्म बनी हुई थी। उसके पिता की गत छह जनवरी को मौत हो गई। इसके बाद से फर्म बंद पडी हुई है। सीजन मे फर्म ने कोई खरीद कार्य नही किया। कोई गेट पास फर्म के नाम से नहीं है। गत दो मई को मार्केट कमेटी ने उसके पिता की फर्म को नोटिस जारी कर कहा कि एसडीएम ने मंडी का औचक निरीक्षण किया। इसमें फर्म द्वारा गेहूं को भीगने के से बचाने के लिए कोई कारगर कदम उठाना नहीं पाया गया। इसमे फर्म के लाइसैंस को रद्द करने की चेतावनी भी दी गई। प्रेमचंद ने दावा किया कि जब मार्केट कमेटी को अपनी गलती का पता चला तो मार्केट कमेटी सचिव ने अपनी जेब से दो हजार रुपये जुर्माना राशि भरी। उन्होंने मार्केट कमेटी सचिव पर अवैध वसूली के आरोप भी लगाए।

आरोप बेबुनियादः सचिव

मार्केट कमेटी सचिव संजीव जांगड़ा ने बताया कि उन पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद है। जब निरीक्षण किया जा रहा था। उस दौरान फर्म के मुंशी ने नाम बताया था। फर्म ने नोटिस का जबाव देने की बजाय माफी मांगते दो हजार का जुर्माना भरा है।

बजरंग दल के कार्यकर्ता की निर्मम हत्या की निंदा

सफीदों। विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने कर्नाटक में बजरंग दल के प्रखर कार्यकर्ता सुहासजी शेट्टी की दिनदिहाड़े निर्मम हत्या की निंदा करते हुए कहा कि एक झुंड द्वारा तलवार और चाकुओं से जिस तरह कार्यकत्रा को काटा गया, वह उनकी दरिंदगी का परिचायक है। एक भी सेक्यूलर नेता ने इस मॉब लिंचिंग की कतई निंदा नहीं की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस प्रकार से हत्या किए जाने से साफ लगता है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के सहयोग के बिना यह संभव नहीं है। हिंदुओं के प्रति इनकी नफरत उसी समय स्पष्ट हो गई थी जब चुनाव से पूर्व ही उन्होंने बजरंग दल पल प्रतिबंध की बात की थी। प्रतिबंध नहीं लगा सकते तो इस तरह हत्याएं कराकर वे बजरंग दल को समाप्त करने का स्वप्न देख रहे हैं लेकिन उनके स्वप्न मात्र स्वप्न ही साबित होंगे।

बेहद कड़े प्रबंधों के बीच नीट की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

जींद में 2594 में से 2532 और कैथल में 1634 उम्मीदवारों में से 1602 ने दी परीक्षा

परीक्षा केंद्रों के आस-पास की सभी मार्केट को करवाया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले मे राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की परीक्षा रविवार को बेहद कडे सुरक्षा प्रबधो के बीच शातिपूर्ण ढग से सपन्न हुई। नीट की परीक्षा के लिए शहर मे पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। रविवार को संपन्न हुई परीक्षा में 2594 अभ्यर्थियों में से 2532 अभ्यार्थी हाजिर रहे जबकि 62 अभ्यार्थी गैर हाजिर रहे। सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई थी। आसपास की मार्केटों को बंद करवा दिया गया था। राजकीय पीजी कॉलेज में बनाए गए परीक्षा केंद्र में दोपहर लगभग डेढ़ बजे नेट स्लो होने के कारण बायोमेट्रिक मशीन काम नहीं कर रही थी। राजकीय कॉलेज में छह बायोमैट्रिक मशीन लगा रखी थी। नेट स्लो होने के कारण सभी मशीन ढंग से काम नहीं कर पा रही थी। इस दौरान विद्यार्थियों की लंबी लाइन लग गई थी। एडीसी विवेक आर्य ने परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए एडमिट कार्ड देखकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के निर्देश दिए। इसके बाद अंदर जाकर बायोमेट्रिक मशीन से विद्यार्थियों का सत्यापन करवाया गया। परीक्षा का समय दोपहर दो बजे से लेकर शाम पांच बजे तक था। सुबह 11 बजे ही अभ्यार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। पांचों परीक्षा केंद्रों के लिए ड्युटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए गए थे, जबकि एडीसी विवेक आर्य को पूरे जिले का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान महिलाओं के कानों की बालियां और मंगलसूत्र भी उतरवाए गए। वहीं परीक्षार्थी को मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर जाने की अनुमति नहीं थी। परीक्षा केंद्र के गेट पर परीक्षार्थियों के रोल नंबर स्लिप चस्पाई गई थी। वहीं नीट परीक्षा को लेकर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू की थी। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित सभी फोटो स्टेट की दुकानें परीक्षा अवधि के दौरान बंद रखने के आदेश भी दिए गए थे।

जींद। परीक्षार्थी के कानों की बालियां निकालते परिजन। फोटो :हरिभूमि

जींद। राजकीय महिला कॉलेज के बाहर रोल नंबर देखते परीक्षार्थी। फोटो :हरिभूमि

कैथल में नकल रहित संपन्न

कैथल। डीसी प्रीति ने बताया कि रविवार को एनईईटी परीक्षा जिला प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंधों के मध्य शांतिपूर्वक एवं नकल रहित संपन्न हुई। इस परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए थे, जिसमें कुल 1634 उम्मीदवारों में से 1602 ने लिखित परीक्षा दी तथा 32 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। डीसी प्रीति ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रवेश द्वार पर जांच-पड़ताल के बाद परीक्षार्थियों को अंदर प्रवेश की स्वीकृति दी गई। सभी परीक्षा केंद्रों में मोबाईल जैमर, सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे तथा लिखित परीक्षा की विडियोग्राफी भी करवाई गई। लिखित परीक्षा हेतू पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए थे तथा प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें गठित की गई थी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 लागू की गई थी।

बायोमेट्रिक मशीन ठीक करवाई

शहर में नीट परीक्षा को लेकर पांच केंद्र बनाए गए थे। राजकीय पीजी कॉलेज में कुछ समय के लिए बायोमैट्रिक मशीन ने काम नहीं किया। जिसे बाद ठीक करवा लिया गया था। जिले में परीक्षा शांतिपूर्वक रही। परीक्षा शांतिपूर्वक करवाए जाने को लेकर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। वहीं परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटो स्टेट सहित अन्य दुकानों को बंद रखा गया था। —
विवेक आर्य, एडीसी

चोरी की घटनाओं से खफा दुकानदारों ने बाजार बंद कर जताया रोष, पुलिस स्टेशन में डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

चोरियों की घटनाओं को लेकर गुस्साए दुकानदारों ने रविवार को बाजार बंद कर पुलिस स्टेशन में डेरा डाला। इस दौरान थाना प्रबंधक जय भगवान सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी में घंटों चली बैठक में चोरी की घटनाओं को लेकर उठाए कदमों की रिपोर्ट शहर के लोगों ने मांगी।

हवा सिंह, राहुल कंसल, सुरेंद्र बंसल, जोरा सिंह, राजेंद्र बंसल, सुरेश गोयल, प्रवीण मटौर, प्रवीण जांगड़ा, सोनू गोयल, अंकित सिंगला, सुरेश भट्ट, राजेंद्र कुमार, शंभू गर्ग और शमशेर सिंह ने बताया कि चोर गिरोह दुकानों को लगातार निशाना बना रहा है। चोर सरेआम पुलिस को चुनौती देते चोरी की घटनाओं को निशाना बना रहे हैं। हालात इस कदर खराब हैं कि पूर्व में चोर गिरोह के लोगों ने चौकीदार को न केवल बंधक बनाया बल्कि अपहरण कर दूसरे गांव में छोड़ आए।

कलायत। थाने में एसएचओ से मिलने पहुंचे दुकानदार। फोटो :हरिभूमि

चार टीम गतिशीलः सिंह

थाना प्रबंधक जय भगवान सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने चोरी की घटनाओं के खिलाफ ठोस कार्यवाही के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। इसके तहत सीआइए-1, सीआइए-2, पुलिस स्पेशल टीम व कलायत थाना की टीम को गतिशील किया है। पुलिस जांच टीमें सीसीटीवी फूटेज के साथ-साथ घटना से जुड़े तमाम पहलुओं की जांच कर रही हैं। चोर जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

बायोमेट्रिक ने परीक्षार्थियों का आधा घंटा किया खराब

- फूट फूटकर रोए परीक्षार्थी, पूरा नही हो पाया पेपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय मे नीट की परीक्षा के दौरान परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक लिए जाने के कारण परीक्षार्थियो आधा घटे से ज्यादा समय बर्बाद किए जाने का टिकरा व्यवस्था पर फोडा है। इसके कारण उनका प्रश्नपत्र पूरा नही हो सका। जिस पर परीक्षार्थी फूट फूट कर रोए। मायूस परीक्षार्थी सोनम ने बताया कि उसने एक बजे परीक्षा केंद्र परिसर में इट्री ली थी। बायोमैट्रिक मशीन ने ठीक तरीके से काम नही किया तो उन्हे बिना बायोमैट्रिक के परीक्षा केद्र के अदर भेज दिया। फिर ओएमआर शीट देने से पूर्व बायोमैट्रिक देने के लिए कहा गया। जिसके चलते उनका आधा घटा उस प्रोसेस मे निकल गया। जिसके चलते उन्हे प्रश्नपत्र हल करने में कम समय मिला और वह पेपर को कवर नही कर पाई। काफी परीक्षार्थी ऐसे थे, जिन्हे दो बजते देख बिना बायोमैट्रिक के रोल नंबर पर परीक्षा केंद्र के अंदर भेज दिया गया।

विदेश भेजने के नाम पर सात लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीवन पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर 7 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। एसपी कार्यालय के माध्यम से सीवन थाना में दी गई शिकायत में सीवन के डेरा तारा सिंह निवासी बलजिंद्र सिंह ने बताया कि लवराज सिंह उसका बेटा है और उसने बेटे लवराज सिंह का यूके का स्टडी वीजा लगवाने के लिए वर्ष 2020 में रिवाड़ जागीर निवासी जगदीप मित्तल, बिट्टू काजल व बिट्टू के पिता रामकिशन की ओर से चीका में संचालित किए जा रहे विंगस स्टडी अबरोड में वीजा लगवाने के लिए दस्तावेज दिए थे। आरोपियों ने एडवांस में एक लाख रुपये मांग की और वह उनकी बातों में आ गए। इसके बाद यह राशि दे दी। प्रदेश में चल रही कोरोना की वजह से काफी समय बीत गया और बेटे का वीजा नहीं लगा। इसके बाद जगदीप ने वर्ष 2023 में उससे कहा कि वे आपके बेटे लवराज सिंह का यूके का स्टडी वीजा अब लगवा देता है। जिसके लिए 16 लाख 50 हजार रुपये देने होंगें और हम आपके बेटे को स्टडी वीजा पर यूके भेज देंगे और विवि फीस के लिए एडवांस में छह लाख रुपये की मांग को लेकर मेरे घर चक्कर लगाने लगा था।

आरोप ग्रामीण बोले-पुल निर्माण सामग्री की कोई जांच नहीं की जा रही

घटिया निर्माण की भेंट चढ़े पुल का दोबारा से निर्माण शुरू, सवालों के घेरे में जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

मूंदड़ी के पास सिरसा ब्रांच नहर पर गत दिवस टूटे पुल ने प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोलकर रख दी थी। अब उसी पुल का पुन निर्माण युद्धस्तर पर किया जा रहा है, जहां सैंकड़ों मजदूर और भारी मशीनें दिन-रात जुटी हुई हैं।

कार्यकारी अभियंता निशांत कुमार ने बताया कि करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से इस पुल को दोबारा बनाया जा रहा है और यह निर्माण कार्य पूरा होने में दो महीने का समय और लगेगा। लेकिन हैरानी की बात यह है कि पुल पहले जैसी ही संरचना में फिर से तैयार किया जा रहा है। यानी फिर वही पुरानी कहानी दोहराई जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और ठेकेदारों की मिलीभगत पर सीधा आरोप लगाते कहा है कि पुल निर्माण सामग्री की कोई जांच नहीं की जा रही है।

पूंडरी। मूंदड़ी के पास सिरसा ब्रांच नहर पर पुल का पुन निर्माण होता हुआ।

मरम्मत का काम प्रारंभ

प्रशासन ने दावा किया है कि पुल टूटते ही त्वरित कार्रवाई कर मरम्मत का काम शुरू करवा दिया, लेकिन असली सवाल ये है कि जब तक निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक ऐसे दावों का क्या मतलब लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर इस बार प्रशासन कैसे गारंटी दे रहा है कि फिर कोई हादसा नहीं होगा ग्रामीणों का कहना है कि जब से पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ है, किसी भी उच्चाधिकारी ने निर्माण सामग्री या प्रक्रिया की गंभीर जांच नहीं की है। अब देखना ये होगा कि प्रशासन इन सवालों का जवाब कैसे देता है या फिर ये पुल भी भविष्य में किसी हादसे की कहानी बनकर रह जाएगा।

ब्रह्म सरोवर

कुरुक्षेत्र जिले के थानेसर में स्थित ब्रह्म सरोवर एक प्राचीन और पवित्र सरोवर है। यह सरोवर हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, भगवान ब्रह्मा ने इसी भूमि से ब्रह्मांड की रचना की थी। सूर्यग्रहण के अवसर पर यहां विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर लाखों लोग ब्रह्मसरोवर में स्नान करते हैं। कई एकड़ में फैला हुआ यह तीर्थ वर्तमान में बहुत सुन्दर एवं सुसज्जित बना दिया गया है।

पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का तीर्थ है फल्गु

कुरूक्षेत्र के सात वनों में प्रसिद्ध फलकीवन में ही फल्गु तीर्थ सुशोभित है। हरियाणा प्रदेश के कैथल जिले के गांव फरल में स्थित यह तीर्थ स्थान कैथल से 25 किलोमीटर, कुरूक्षेत्र से 27 और पेहवा से 20 किलोमीटर ढाण्ड-पूण्डरी मार्ग पर लगभग दोनों के मध्य स्थित है। फल्गु तीर्थ के कारण ही गांव का नाम भी फरल पड़ा। इस तीर्थ का वर्णन महाभारत, वामन पुराण मत्स्य पुराण तथा नारद पुराण में उपलब्ध होता है।

धर्मस्थल

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

श्री फल्क ऋषि मंदिर

फरल में स्थित फल्गु तीर्थ

संसार के जिन स्थानों पर सबसे पहले मानव सभ्यता का विकास हुआ, उनमें कुरूक्षेत्र का नाम अग्रगण्य है। सरस्वती एवं दृषद्वती जैसी पवित्र नदियों की इस धरा पर वैदिक सभ्यता का उद्भव हुआ। भारतीय धर्म, दर्शन, कला, साहित्य आदि के विकास में प्रथम सृजन यहीं हुआ।

कृष्ण यजुर्वेद की मैत्रायणी शाखा में कुरूक्षेत्र का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। ऋग्वेद से प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्यों की प्रमुख जातियां भरत एवं पुरू भी इसी पावन धरा से जुड़ी रही हैं। जिनके सम्मिश्रण से कुरू नामक जाति का आविर्भाव हुआ। कुरूक्षेत्र यानि कुरूओं का क्षेत्र। इसलिए ही इसे कुरूक्षेत्र कहा गया है। वामन पुराण के अनुसार दृषद्वती नदी सरस्वती के साथ-साथ वही नदी है जिसने कुरूक्षेत्र धरा को गरिमा प्रदान की है। इस नदी का प्रवाह मार्ग कौल (कैथल) से होते हुए फल्कीवन (फरल) रहा है। हालांकि वर्तमान समय में दृषद्वती के बहने के मार्ग के अवशेष मात्र शेष हैं, जो फरल गांव के पूर्व दिशा में स्थित हैं। 48 कोस कुरू भूमि हरियाणा के कुरूक्षेत्र, कैथल, करनाल, जीन्द एवं पानीपत जिलों में फैली हुई है। महाभारतानुसार उत्तर-पूर्व में रंतुक यक्ष (बीड़ पीपली के पास) पश्चिम में अरंतुक यक्ष (कैथल में बेहर गांव के पास) दक्षिण-पश्चिम में रामहद यक्ष (जिला जीन्द में रामराय के पास) एवं दक्षिण पूर्व में मचक्रुक यक्ष (जिला पानीपत में शींख के पास) का स्पष्ट वर्णन मिलता है। इस प्रकार इन चार यक्षों द्वारा रक्षित इस आयताकार 48 कोस की भूमि में 360 तीर्थों की उपस्थिति मानी जाती है। कुरूक्षेत्र की पवित्र भूमि प्राचीन काल में घने वनों से आच्छादित थी। वामन पुराण में कुरूक्षेत्र भूमि में स्थित सात वनों का स्पष्ट नामोल्लेख मिलता है। जैसे - काम्यक वन, अदिति वन, व्यास वन, फलकीवन, सूर्यवन वन, मधुवन तथा शीतवन। वामन पुराण के अनुसार इन पुण्यशाली वनों के नाम का उच्चारण करते ही मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं-

श्रृणु सप्त वनानीह कुरूक्षेत्रस्य मध्यतः।
येषां नामानि पुण्यानि सर्वपापहराणि च।
काम्यकं च वनं पुण्यं दितिवनं महत।
व्यासस्य च वनं पुण्यं फलकीवनमेव च ।

कुरूक्षेत्र के सात वनों में प्रसिद्ध फलकीवन में ही फल्गु तीर्थ सुशोभित है। हरियाणा प्रदेश के कैथल जिले के गांव फरल में स्थित यह तीर्थ स्थान कैथल से 25 किलोमीटर, कुरूक्षेत्र से 27 और पेहवा से 20 किलोमीटर ढाण्ड-पूण्डरी मार्ग पर लगभग दोनों के मध्य स्थित है। फल्गु तीर्थ के कारण ही गांव का नाम भी फरल पड़ा। इस तीर्थ का वर्णन महाभारत, वामन पुराण मत्स्य पुराण तथा नारद पुराण में उपलब्ध होता है। महाभारत वन पर्व में तीर्थ यात्रा प्रसंग के अन्तर्गत इस तीर्थ के महत्व के विषय में स्पष्ट उल्लेख हैः

ततो गच्छेत राजेन्द्र फलकीवनमुत्तमम्।
तत्र देवाः सदा राजन् फलकीवनमाश्रिताः।

तपश्चरन्ति विपुल बहुवर्षसहस्रकम्।

अर्थात तत्पश्चात मनुष्य को देवों द्वारा देवताओं ने हजारों वर्षों तक कठोर तपस्या की। बिल्कुल ऐसा ही वामन पुराण में भी उपलब्ध होता है, जहां लिखा है कि तत्पश्चात देवता, गन्धर्व, साध्य एवं ऋषि लोगों को दिव्य निवास वाले उस फलकीवन में जाना चाहिए जहां देव, गन्धर्व, सिद्ध एवं ऋषि सदैव तपस्यारत रहते हैं।

महाभारत के अनुसार इस तीर्थ में स्नान करने एवं देवताओं का तर्पण करने से मनुष्य अग्निष्टोम तथा अतिरात्र यज्ञों के करने से कहीं अधिक श्रेष्ठतर फल को प्राप्त करता है। वामन पुराण में भी लिखा है कि इस तीर्थ में स्नान करने से तथा देवताओं का तर्पण करने से मनुष्य अग्निष्टोम तथा अतिरात्र यज्ञों से भी अधिक फल प्राप्त करता है। वामन पुराण के 36 में अध्याय के श्लोक संख्या 49 और 50 में वर्णित है-

''सोमक्षये च सम्प्राप्ते सोमस्य च दिन।
यः श्राद्ध च मत्यस्तस्य फल पुष्पम्।।
गंगायां च यथा श्राद्ध पितृन्प्रीणति नित्यशः।
श्राद्ध च कर्तव्य फल्कीवनमाश्रितैः।।"

अर्थात ''अमावस्या (सोमक्षय) होने पर सोमवार के दिन जो मनुष्य श्राद्ध करता है, उसे बहुत अधिक पुण्य प्राप्त होता है। फल्कीवन में फल्गु तीर्थ पर किया गया श्राद्ध पितरों को वैसा ही तृप्त और सन्तुष्ट करता है जैसा कि गया जी में किया हुआ श्राद्ध नित्य ही पितृगण (पितरों) को प्रसन्न करता है। फलकीवन (कैथल) स्थित फल्गु तीर्थ के बारे बात करें तो सर्वप्रथम जिस बात का उल्लेख आवश्यक है वह 'श्री फल्गु ऋषि' का जिक्र है। आखिर उनके तप का ही प्रभाव है कि आज यह क्षेत्र प्रसिद्ध है। उनके नाम से ही यह वन फल्कीवन हुआ। ऋषिवर इस वन में तपस्या करते थे। पुराणानुसार एवं लोक किंवदंतियों में कहा जाता है कि उनके तपस्या काल में प्रसिद्ध गया जी तीर्थ बिहार पर गयासुर का राज्य था। गयासुर की यह प्रतिज्ञा थी कि जो उसे युद्ध में पराजित कर देगा उसके साथ वह अपनी तीनों पुत्रियों का विवाह करेगा। उस समय फल्गु तीर्थ यानी फलकी वन में फल्गु ऋषि तपस्या कर रहे थे। गयासुर से त्रस्त लोगों और देवताओं के अनुरोध से जब उन्हें गयासुर की प्रतिज्ञा का पता चला तो गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ समझकर वहां गए और शास्त्रार्थ में गयासुर को पराजित करके उसकी तीनों कन्याओं के साथ विवाह कर लिया एवं गृहस्थी बने। दहेज में गयासुर ने गया जी में पितृतृप्ति हेतु किए जाने वाले कार्यों में मिलने वाले फल का वर भी दिया।

इस पावन तीर्थ पर फल्गु ऋषि के मन्दिर के अलावा भी कई सुन्दर मन्दिर हैं। यहां सरोवर के घाट के पास अष्टकोण आधार पर निर्मित 17वीं शताब्दी की मुगल शैली में बना शिव मन्दिर है जो लगभग 30 फुट ऊंचा है। यहां स्थित सरोवर की लम्बाई 800 फुट और चौड़ाई 300 फुट है। मुगल शैली में एक और शिव मन्दिर है जो लगभग 20 फुट ऊंचा है तथा आकार में वर्गाकार है। वर्ग की एक भुजा 9 फुट 6 इंच है। यहीं एक अन्य मन्दिर जो राधा-कृष्ण का भी है जो नागर शैली में बना हुआ है। इसका शिखर शंकु आकार का है। इन सभी उपरोक्त वर्णित मन्दिरों में निर्माण के दौरान लाखौरी ईंटों का इस्तेमाल किया गया है एवं परवर्ती काल में इनका जीर्णोद्धार आधुनिक ईंटों के द्वारा किया गया है। घाट के पास ही एक अत्यन्त प्राचीन वट वृक्ष है जिसे लोग श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं। हाल ही में फल्गु तीर्थ के बीच एक नए मंदिर का निर्माण भी जन सामान्य ने सहयोग और आस्था से किया है। इसके अतिरिक्त फरल से ही कुछ तीर्थ और जुड़े हैं। जैसे गांव फरल से 2 किलोमीटर के सम्पर्क मार्ग द्वारा पणिश्वर तीर्थ पर पहुंचा जा सकता है। यह तीर्थ पवन पुत्र हनुमान से संबंधित है; जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट भी है। महाभारत में इस नाम से किसी तीर्थ का वर्णन प्राप्त नहीं होता, परन्तु महाभारत के अनुशासन पर्व के दसवें अध्याय में पाणिखात के नाम से एक तीर्थ उल्लेख है जिसके बारे में धारणा है कि वही पाणिखात पणिश्वर है। इस तीर्थ में स्नान करने के पुण्य के विषय में कहा गया है कि यहां स्नान करने से मनुष्य को एक हजार गाय दान करने के समान फल मिलता है। आगे कहा गया है कि जो मनुष्य पणिश्वर तीर्थ में पितृ-तर्पण करता है वह राजसूर्य यज्ञ के फल का उपयोग करता है। इस तीर्थ पर वर्तमान में हनुमान जी का भव्य मंदिर है जिसमें बजरंगबली की सुंदर प्रतिमा है। निःसंकोच कहा जा सकता है कि –

'तीर्थ स्तरन्ति प्रवतो महीरीति, यज्ञकृतः सुकृतो येन यन्ति।'

मनुष्य तीर्थों के सहारे बड़ी से बड़ी विपत्तियों से तर जाता है। बड़े से बड़े पाप तीर्थ सेवन से समाप्त हो जाते हैं और तीर्थ स्थान करने वाला महान यज्ञ करने वालों के रास्ते से ही स्वर्ग जाता है।

कविता | राजपाल सिंह गुलिया



एक डीलर आग्या रै

एक डीलर आग्या रै , एक डीलर आग्या रै .
म्हारे घेर म्हँ साँझ नै , एक डीलर आग्या रै .
एक डीलर एक डीलर , एक डीलर आग्या रै .

बीच गली म्हँ एक गाड़ी नै , होरण तेज बजाया .
लाम्बी गाड़ी देख बारणै , बाबू भी हर्षाया .
न्यू बोल्या वो बाबू तैं मैं , ऑफर बढ़िया ल्याया .
उसने बाबू के कान म्हँ , कील्ले का रेट बताया
फेर भा सुण कै न बाबू कै , भी जी सा आग्या रै ...

न्यू बोल्या वो इस खेवट का, नम्बर खास नहीं सै .
रेट भतेरे बढ़ लिए ईब , [redacted] आग्गै आस नहीं सै .
दवा बहम की चाचा चतरू [redacted] पास नहीं सै
धोखे आलै काम क धोरै [redacted] गंगादास नहीं सै .
फेर हाथ होक्के पै धर कै , कती नेम ठाग्या रै...

भा सुणकै ना मेरा बाबू , फूल्या नहीं समाया .
एक बेच कै पाँच दिवा दूँ , न्यूँ भी वो बहकाया .
टोकन मनी दे कै उसने , ब्याना तुरत लिखाया
भांग कै भाड़ै धरती दे के , भोत घणा पिछताया
फेर म्हारी इस डील म्हँ वो , कई लाख कमाग्या रै...

खेत बेच कै सबके होग्ये , नख्शे हाई - फाई ,
माणस गैल्या गाड़ी होग्यी , घर -घर वाई -फाई .
कह गुलिया इब बैरी होग्ये, खुद भाई के भाई ,
आपस का रसूख देख ल्यो , होग्या हवा - हवाई
बाबू कहता फिरै घोल कै , वोह मन्नै प्याग्या रै ...

कविता | भूपसिंह 'भारती'

घर-घर म्ह पेड़ लगाओ

पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।
रुदन सुणो ये रो रो कहरे, ना हमनै काट बगाओ।।

धरती का सिंगार करा हम, न्यारी म्हारी माया।
मीठे मीठे फल देवां हम, देवां सीली छाया।
हरा भरा हो घर भाया, जै घर में पौधे लाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

बरखा नै हम लेकै आवां, कती करां ना टाला।
मरते-मरते इंधन देवा, सै [redacted] काम निराला।
घर-घर म्ह पेड़ लगाकै, प्र[redacted] नै भगाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

पीवण नै हम पाणी देते, अन्न देते खाणे को।
ऑक्सीजन पैदा करते, जीवन नै बचाणे को।
जै चाहो सो जीणा तो, म्हारी तादाद बढ़ाओ।
पर्यावरण बचाणा सै तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

इस दुनिया म्ह सुणलो लोगों, पेड़ ही सच्चे साथी।
हर हालत में साथ निभावै, बणकै देख हिमाती।
कह 'भारती' पौधगिरी की, मिलकै अलख जगाओ।
पर्यावरण बचाणा से तो, घर घर म्ह पेड़ लगाओ।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

रोचक | **फरजाना उर्फ समरु ने करीब 50 वर्षों तक गुड़गांव क्षेत्र पर शासन किया, तब अंग्रेज भी उसकी सैन्य ताकत से खतरा अनुभव करने लगे थे**

तवायफ से तख्तोताज तक पहुंची थी बेगम समरु

इतिहास | यशपाल गुलिया

बड़ोत कस्बे के समीप कुताना गांव में पैदा होने वाली लड़की फरजाना एक विख्यात शासक बनी थी। उसने लगभग 50 वर्षों तक गुड़गांव क्षेत्र पर शासन किया तथा झाड़सा के पास एक बड़ी छावनी भी बना ली थी। बता दें कि वर्ष 1760 के आसपास फरजाना की विधवा माता गरीबी से तंग आकर दिल्ली आ गई। तब फरजाना की उम्र 8-10 वर्ष थी और उसकी माता पहले दिल्ली में तवायफ रह चुकी थी, जिसको कुताना गांव का असद खां खरीद ले गया था।

दिल्ली पहुंचकर भी वह अपने पुराने पेशे वाले स्थान पर नहीं गई। क्योंकि वह फरजाना को किसी भी सूरत में अपने पुराने पेशे में नहीं डालना चाहती थी। इसलिए दिल्ली पहुंचकर वे दोनों जामा मस्जिद की सीढ़ियों पर ठहर कर भीख तक मांगने लग गई। 20-25 दिनों बाद ही बुखार से ग्रस्त होकर फरजाना की माता की मृत्यु हो गई। तब रोती बिलखती देखकर फरजाना को वहां से गुजरने वाली खानुम जान नामक तवायफ अपने साथ ले गई। जहां फरजाना की माता उसको नहीं ले जाना चाहती थी, भाग्य के करिश्मे से फरजाना वहीं चावड़ी बाजार पहुंच गई। कुछ ही वर्षों में फरजाना नाच गाने में दक्ष हो गई। तभी वर्ष 1765 में भरतपुर शासक जवाहर सिंह ने दिल्ली पर आक्रमण किया था। उसका सेनापति जनरल समरु था जो फरजाना को 5000 रुपये में खानुम जान से खरीद कर अपने साथ भरतपुर ले गया और फरजाना बेगम समरु बन गई तथा आगरा में रहने लग गई। फिर जनरल समरु ने भरतपुर की नौकरी छोड़कर दिल्ली शाही वजीर नजफ खां की नौकरी पकड़ ली। नजफ खां ने बेगम समरु को झज्जर तथा मेरठ के पास सरधना की दो जागीर प्रदान कर दी। वह मूल रूप से ऑस्ट्रीया का निवासी था जो भारत में रोजगार के लिए आया था। बेगम समरु और जनरल समरु का साथ 12-13 वर्षों तक ही रहा क्योंकि वर्ष 1778 में जनरल समरु की मृत्यु हो गई। तब दिल्ली बादशाह ने उसकी दोनों जागीरों को शासक बेगम समरु को प्रदान कर दिया। बेगम समरु ने कुशलतापूर्वक प्रशासनिक कार्यों को सम्भाला तथा झज्जर क्षेत्र पर तीन प्रशासक राय गोपीनाथ, चौधरी साहब सिंह व मजलिस राय को नियुक्त कर दिया और स्वयं सरधना में रहने लग गई। जहां उसने एक विशाल सेना गठित कर ली तथा यूरोपीय सेना अधिकारियों को नियुक्त कर लिया। उल्लेखनीय है कि झज्जर बादशाह अकबर के काल से ही एक शासकीय इकाई बना रहा था जिसके तहत चार परगने झज्जर खास, बेरी-दुबलधन, दादरी तोए और मान्डौठी आते थे। लेकिन बेगम झज्जर की हाकिम केवल सात वर्षों (1778 से 1785 तक) तक ही रही। उसके बाद बादशाह ने बेगम समरु को झाड़सा-बादशाहपुर की जागीर भी दे दी। इसके तहत साढराणा तक के गांव आते थे और गुड़गांव तब तक एक गांव मात्र था। फिर बेगम इतनी शक्तिशाली हो गई कि उसने झाड़सा के पास विशाल सैनिक छावनी ही गठित कर डाली। वर्ष 1803 से दिल्ली पर अंग्रेजों का अधिकार होने पर भी बेगम समरु की दोनों जागीर सरधना व झाड़सा (गुड़गांव) ऐसे ही बनी रही।

बेगम समरु इतनी शक्तिशाली सैन्य ताकत बन गई थी कि अंग्रेजों को उससे खतरा अनुभव होने लग गया था। इसके परिणाम स्वरूप उनको भी झाड़सा से दूर एक नई छावनी बनानी पड़ी जिसको हिदायतपुर छावनी कहा जाता था। इस तरह उस ऐतिहासिक हस्ती बेगम समरु ने वर्ष 1836 तक शासन किया तथा जनवरी 1836 में वह निःसन्तान स्वर्ग सिधार गई। अंग्रेजों ने उसकी सभी छावनियों व क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया। बेगम के बनाए हुए विशाल चर्च व महल सरधना व दिल्ली में आज भी विराजमान हैं।

बेगम समरु का चित्र तथा उनके द्वारा सरधना में बनवाई गई चर्च जो आज भी विद्यमान है।

बेगम समरु जनवरी 1836 में निःसन्तान स्वर्ग सिधार गई। उसके बाद अंग्रेजों ने उसकी सभी छावनियों व क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया। बेगम के बनाए हुए विशाल चर्च व महल सरधना व दिल्ली में आज भी विराजमान हैं।

समाज को संस्कृति से जोड़ने में कला का अहम योगदान : रवि मोहन

कलाकार | ओ.पी. पाल



हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में विभिन्न विधाओं में कलाकारों की अहम भूमिका है। ऐसे ही कलाकारों में रंगमंच के अभिनेता रवि मोहन भी शामिल है, जिन्होंने बॉलीवुड तक का सफर तय करने के बावजूद अपनी संस्कृति को सर्वोपरि रखते हुए समाज को सकारात्मक संदेश देने के मकसद से अपनी कला को बुलंदियों तक पहुंचाया है। साहित्यिक नाटकों, कहानियों के मंचन और सामाजिक सरोकार के मुद्दों पर अपनी कला के संसार को दिशा देने का प्रयास किया है। अभिनेता, थिएटर निर्देशक और रंगकर्मी रवि मोहन ने अपनी कला के सफर को लेकर कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया, जिससे समाज को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने में कला महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

हरियाणा के लोक कलाकार रवि मोहन का जन्म 11 मई 1975 को रास बिहारी और अनीता भारद्वाज के घर में हुआ। उनके परिवार में किसी प्रकार का साहित्य या सांस्कृतिक माहौल तो नहीं था, लेकिन उनके पिता कभी अपनी शादी से पहले कैथल में रामलीला में किरदार करते थे। उनका परिवार 46 साल पहले सफीदों आ गया था। बकौल रवि मोहन, उनकी शिक्षा सरकारी स्कूल से हुई और कॉलेज पास आउट करने के बाद उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आधुनिक इतिहास में एमए की। उसके बाद एमफिल भी की। कला के क्षेत्र में अपनी अभिरुचि के बारे में रवि मोहन ने बताया कि स्कूली शिक्षा के दौरान उन्हें कभी-कभी मंच पर ग्रुप सॉन्ग और छोटे-छोटे अभिनय करने का सौभाग्य मिला। कॉलेज के दौरान उन्हें सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मौका मिला और उनकी कला से उन्हें सम्मान मिला, क्योंकि वह कॉलेज में भी एनसीसी की क्विज कांटेस्ट, गेम सॉन्ग, फैंसी ड्रेस, नाटक, नृत्य और गाना-बजाना जैसी गतिविधि में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते रहे। विश्वविद्यालय में वे सांस्कृतिक गतिविधियों में लोक नृत्य और नाटकों में भागीदारी करते रहे। संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली और नेशनल स्कूल आफ ड्रामा फैकल्टी के विशेषज्ञों के सानिध्य में उन्होंने साल 2002 और 2003 में रंगमंच की कार्यशालाओं से प्रशिक्षण लिया और दो माह के अल्पकाल में रंगमच की बारीकियों को जाना। इससे वह रंगमंच की तरफ आकर्षित होकर रंगकर्मी के रूप में अपनी कला को आगे बढ़ाने लगे। करीब 28 वर्षों से रंगमंच से जुड़कर करीब 50 नाटकों का निर्देशन किया है, जबकि 15 नाटकों में अभिनय करने के अलावा कुछ वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी किरदार किया। उन्हें हरियाणा की तरफ से राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में बतौर निर्देशक के रूप में भी काम करने का मौका मिला। उन्होंने 2003 में राज कला मंच नामक खुद की एक नाटक एनजीओ का पंजीकरण कराया और इस मंच से अब तक 14 राष्ट्रीय नाटक उत्सव चैनल थिएटर के नाम से आयोजित किए हैं। साल 2007 से 2010 के दौरान कुछ समय वे मुंबई भी रहे।

पुरस्कार एवं सम्मान

अभिनेता एवं कलाकार रवि मोहन को वर्ष 2000 में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ लोक नर्तक एवं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। वहीं इसी वर्ष के दौरान उन्हें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय कलर से सम्मानित किया गया। जबकि वर्ष 2007 में राष्ट्रीय स्तर पर निर्देशन के लिए स्वर्ण पदक से नवाजा गया। इसके अलावा उन्हें हरियाणा में रंगमंच प्रोत्साहन के लिए राज्यपाल पुरस्कार, रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियों में अनुकरणीय समर्पण के लिए रोटरी वोकेशनल पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार जैसे सैकड़ो पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है।

अभिनय से संजोया हरियाणा

अभिनेता एवं रंगकर्मी रवि मोहन ने नेशनल चैनल डीडी-1 पर एक और कहानी, डीडी-हिसार के लिए सबरंग, सोनी टीवी पर क्राइम पेट्रोल एवं जिंदगी के क्रॉस रोड के अलावा एमएक्स प्लेयर पर कैंपस डायरी, स्टेज ऐप पर मेरे यार की शादी है और ब्रॉडलाइन एरोप्लान (फेदर फिल्म) में विभिन्न किरदार निभाए हैं। उन्होंने दूसरा आदमी दूसरी औरत और एक शाम कहानियों के नाम, धीमा जहर, हरियाणा के क्रांतिवीर, मैकबेथ, नागमंडल, मारिया फरार, रेजांग-ला द लास्ट वार, अंधा युग, मैं कहानी हूं, कनुप्रिया, छाया के बिना आदमी के अलावा भारत के विभिन्न राज्यों में विभिन्न राष्ट्रीय रंगमंच समारोहों में अपनी कला से अहम योगदान दिया। इसके अलावा उन्होंने हरियाणा के जिलों के शिक्षण संस्थानों और विभिन्न ड्रामा स्कूलों में अभिनय और डिजाइनिंग के लिए विजिटिंग फैकल्टी के लिए भी अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

खबर संक्षेप

कार सवार किसान से ले उड़ा नकदी तथा अंगूठी

जींद। जुलाना में कार सवार साधु वेषधारी खेत से लौट रहे किसान से सोने की अंगूठी तथा आठ हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। जुलाना थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात कार सवार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना निवासी रामकुमार ने पुलिस को शिकायत दी है।

महिला से दुष्कर्म का आरोप, शिकायत दर्ज

जींद। महिला से दुष्कर्म करने पर महिला थाना पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रोहतक जिले की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत 27 अप्रैल को साथ गांव में प्रवेश ने दुष्कर्म किया। इस में उसके गांव की महिला कृष्णा ने आरोपित को सहयोग किया।

संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

जींद। गांव सिवाहा से युवती के संदिग्ध हालात मे गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिवाहा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दिवस शाम को उसकी 20 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर कोई सुराग नहीं लगा।

दुष्कर्म का विरोध करने पर घर में तोड़फोड़ की

जींद। उचाना थाना इलाका गांव में घर मे घुस महिला से दुष्कर्म करने तथा विरोध करने पर तोडफ़ोड़ करने का मामला सामने आया है। उचाना थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट करने, तोडफ़ोड़ करने, एससी एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उचाना थाना इलाका की एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

जिले में 6.81 लाख एमटी गेहूं की आवक

जींद। जिले में रबी सीजन के तहत गेहूं की खरीद प्रक्रिया तेजी से चल रही है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि मंडियों में गेहूं की खरीद के साथ-साथ उसके उठान की प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए। ताकि बारिश के कारण फसल को नुकसान न हो, भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था बनी रहे और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नर सेवा ही नारायण सेवा : पवनजीत

नरवाना। सरकारी अस्पताल में रविवार को भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जरुरतमंद लोगों को श्रद्धा भाव से प्रेम पूर्वक पोष्टिक भोजन वितरित किया गया। इस निस्वार्थ सेवा के अंतर्गत शिव कृपा से यह भोजन पवनजीत सिंह बनवाला के आवास पर ही उनके परिजनों द्वारा तैयार किया जाता है और मां अन्नपूर्णा को नमन करते भगवान का भोग लगाकर उनके परिजनों द्वारा वितरित किया जाता है।

माजरी से चोरों ने गुरुघर का दान पात्र किया चोरी

कैथल। गुहला खंड के सरौला गांव के पास स्थित डेरा माजरी से चोर गुरुघर का दान पात्र ही चोरी कर ले गए। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। गुहला थाने में दी गई शिकायत में डेरा माजरी सरौला निवासी प्रकाश सिंह ने बताया कि डेरा माजरी में सामूहिक गुरुघर बनाया हुआ है।

रक्तदान शिविर का आयोजन आज

कलायत। केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन उपलक्ष्य में 5 मई को कलायत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा के नेतृत्व में अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित शिविर में भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ता, पार्षद, जिला परिषद, ब्लाक समिति के सदस्य हिस्सा लेंगे।

क्लास रेडीनेस प्रोग्राम से बढ़ा बच्चों का हौसला

स्वयं करके सीखने की प्रवृति को मिला बढ़ावा : राजेश वशिष्ठ

बच्चों से सीखी गतिविधियों के बारे में पूछा जाएगा

शिक्षक बच्चों को खेल-खेल में कविता गान, कहानी सुनाना, मिट्टी पर उंगलियों से आकृति बनाकर करेंगे प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नई राष्ट्रीय शिक्षण निति के तहत शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को खेल-खेल में प्रभावशाली शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से 42 दिवसीय क्लास रेडीनेस प्रोग्राम के जरिए बालवाटिका से लेकर पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को अध्ययन करवाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 23 मई तक चलेगा। इस दौरान शिक्षक छात्रों को विभिन्न गतिविधि आधारित भाषा और अंक दक्षता के बारे में जानकारी देंगे।

शिक्षक बच्चों को खेल-खेल में कविता गान, कहानी सुनाना, मिट्टी पर उंगलियों से आकृति बनाकर बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। इसके साथ बच्चों को रस्सी कूदना भी सिखाया जाएगा। विद्यालय में बच्चों से सीखी गई गतिविधियों के बारे में पूछा जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम सप्ताह में अभिभावकों की बैठक लेकर उन्हें बच्चों की प्रगति की जानकारी दी जाएगी। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पहली कक्षा में आने से पहले उनके बुनियादी कौशल विकसित करना और उन्हें स्कूल के वातावरण में सहज बनाना है। क्लास रेडीनेस प्रोग्राम कार्यक्रम बच्चों में साक्षरता, पढने़ और लिखने की क्षमता, गणित, संख्याओं और गणना की समझ, सामाजिक और भावनात्मक कौशल का विकास करता है। यह कार्यक्रम बच्चों को खेल-खेल में सीखने के तरीके सिखाता है।

जींद। खेल-खेल में बच्चों को प्रशिक्षित करती अध्यापिका। *फोटो :हरिभूमि*

सीखने का आधार करेंगे मजबूत

बाल मनोविज्ञान के दृष्टिकोण से 80 प्रतिशत दिमाग का विकास छह वर्ष की आयु तक हो जाता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों का सीखने का आधार विकसित करना बहुत जरूरी है। बच्चों को विभागीय समय सारिणी द्वारा निर्धारित समय में अलग-अलग गतिविधियों से सीखाने का कार्य करवाया जाएगा, जिसका उद्देश बच्चों को समझ के साथ पढना आना है। इसमें अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।— *राजेश वशिष्ठ, जिला समन्वयक एफएलएन*

ताकि वे स्कूल के माहौल से सहज हो सकें और किसी भी तरह का डर या संकोच नहीं हो। क्लास रेडीनेस प्रोग्राम के अवलोकन के लिए सभी एबीआरसी, बीआरपी, सीआरसी और खंड शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है कि वे अपने खंड के सभी क्लस्टर के सभी प्राथमिक विद्यालयों का अवलोकन करें कि शिक्षक विभाग द्वारा दी गई समय सारिणी अनुसार सीआरपी कार्यक्रम को सही ढंग से करवा रहे है।

खो-खो प्रतियोगिता में नरड़ांचल स्कूल नरड के खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

30 अप्रैल से 5 मई तक एनसीटी दिल्ली के त्यागराज इंटरनेशनल स्टेडियम में होने वाले 68वें स्कूल नेशनल खो-खो व-19 ब्यावज चैंपियनशिप 2024-25 प्रतियोगिता में कैथल जिले से तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ। उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलते कैथल जिले को सिल्वर मेडल दिलाया था और अपने खेल का प्रदर्शन दिखाते राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ब्रांज मेडल हरियाणा की टीम को दिलाया। मैंचो का रिजल्ट इस प्रकार रहा। लीग मैच में उड़ीसा और कर्नाटक कोरा ग्रुप में

दूसरे नंबर पर क्वालीफाई किया और हार्ड लाइन मैच में गुजरात को 16-18 के स्कोर से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी खिलाड़ी नरड़ांचल स्कूल नरड़ से है। कैथल जिले का एकमात्र ऐसा स्कूल जिसमें खो-खो के अंदर सबसे ज्यादा लड़के व लड़कियां हर साल हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं और हरियाणा को मेडल दिलाने का काम करते हरियाणा की टीम में 3 खिलाड़ी कैथल से (आर्यन, आशीष,सौरभ) 4 खिलाड़ी रोहतक, 2 खिलाड़ी सोनीपत व 1,1 खिलाड़ी फतेहाबाद, पानीपत, हिसार जिले से चुने गए व कोच के रूप में रणदीप नरडांचल स्कूल नरड को चुना । खिलाड़ियों को स्कूल में पहुंचने पर एमडी सुरेश नैन व स्कूल प्रिंसिपल सीमा रानी व सभी स्टाफ मेंबर ने खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी वह उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खिलाड़यिों ने अपनी सफलता का श्रेय एमडी सुरेश नैन तथा डीपीई रणदीप ढुल के मार्गदर्शन को दिया।

सफीदों। लोगों का की जांच करते चिकित्सक। *फोटो :हरिभूमि*

फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

सफीदों। उपमंडल के गांव कारखाना में राष्ट्रीय कश्यप निषाद संगठन के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संगठन के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रणबीर कश्यप ने शिरकत की। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने 200 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिया तथा उन्हे फ्री दवाईयां उपलब्ध करवाई। रणबीर कश्यप ने कहा कि संगठन के द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर सामाजिक कार्य किए जाते रहते हैं। संगठन के द्वारा समय-समय पर नशामुक्ति कैंप, रक्तदान शिविरों, स्वास्थ्य जांच शिविरों, पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहते हैं। जगदीश कश्यप, प्रमोद मलार, राजेंद्र टीटोखेड़ी, अर्जुन शिल्लाखेड़ी, अनिल शर्मा कुरड़, वेदपाल कुरड़, राममेहर आदि मौजूद रहे।

निःशुल्क कंप्यूटर ट्रेनिंग केंद्र का 12वां सत्र आरम्भ

कैथल। पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया। इस माह की राशन सेवा संस्था के वरिष्ठ सदस्य भारत भूषण टक्कर व अनिल कुमार ने अपनी माता स्वर्गीय बिमला रानी की पुण्य स्मृति में दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। मोहिंद्र सोनी ने भी आज राशन सेवा में कुछ सहयोग राशि दी। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने बताया कि हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है । सदन परिसर में बने भारत सरकार से मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर संस्थान का लाभ शहर के हर वर्ग के युवा ले रहे हैं।पंजाबी सेवा सदन द्वारा हर तरह के कोर्स मुफ्त करवाए जाते हैं। कंप्यूटर केंद्र भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है।

शिक्षा मंत्री ने किया पंकज गुप्ता को सम्मानित

कैथल। पीआइटी पानीपत में किए गए एक्सीलेंस अवार्ड 2025 समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश भर के अध्यापकों व स्कूल मुखियाओं को हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा सम्मानित किया गया। इस समारोह में कैथल के जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल पंकज गुप्ता को भी स्कूल एक्सीलेंस अवार्ड 2025 दिया गया। बता दें कि पंकज गुप्ता करीब तीन सालों से स्कूल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके कार्यकाल में स्कूल ने सफलता के नए आयाम छूने का काम किया है। गुप्ता को शिक्षामंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने पर जाट हाई स्कूल सोसायटी के पदाधिकारियों व अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया तथा बधाई दी गई। गुप्ता ने उन्हें सम्मानित करने के लिए शिक्षामंत्री व स्टाफ सदस्यों का आभार जताया।

कैथल। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा पंकज गुप्ता को सम्मानित करते।

कैथल। राकेश और बाबू राम बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते।

50वीं मासिक निःशुल्क बस यात्रा रवाना

कैथल। श्री मेंहदीपुर बालाजी सेवा समिति कैथल द्वारा श्री मेंहदीपुर बालाजी धाम और खाटू श्याम धाम के लिए 50वीं मासिक निःशुल्क बस यात्रा को रवाना किया गया। इस बस में लगभग 61 श्रद्धालु धार्मिक स्थलों के लिए गए। संस्था के मेंबर राकेश गुप्ता ने नारियल फोड़कर और बाबू राम टीक ने झंडी दिखा कर रवाना किया। समिति के प्रधान राजेश गोयल , अध्यक्ष प्रीतिपाल बंसल, सदस्य सुभाष सिंघवाल, प्रवीण गर्ग ने बताया कि यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान बालाजी और श्याम बाबा के दर्शन करते हैं और उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। उन्होंने बताया कि समिति का उद्देश्य श्रद्धालुओं को निःशुल्क धार्मिक यात्राओं का अवसर प्रदान करना है।

मां बनभौरी धाम के लिए बस को किया रवाना

जींद। भगवती क्लब की और से रविवार को मां बनभौरी धाम की 30वीं बस यात्रा को मास्टर कर्मचंद मित्तल व उनकी धर्मपत्नी उर्मिला मित्तल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्य के बाद क्लब उप-प्रधान जोनी सिंगला ने मा कर्मचंद मित्तल व उर्मिला को सम्मानित किया। इसके साथ ही क्लब के सदस्य एवं मां बनभौरी धाम बस यात्रा के प्रोजेक्ट मैनेजर श्रवण ने कहा कि मां बनभौरी धाम बस यात्रा की सेवा नरवाना भगवती क्लब इसी तरह निरन्तर रुप से माता रानी के दर्शनों के लिए चलती रहेंगी। इस यात्रा के दौरान सभी भक्तजन प्रवीण सिंगला के द्वारा गाए गए भजनों का आन्नद लेते जाते है। इसके साथ ही प्रधान राकेश गर्ग ने कहा कि बस सेवा नरवाना भगवती क्लब के द्वारा हर माह लगने वाले अमावस्या भंडारे के बाद जो भी रविवार आता है उस रविवार को बस सेवा महाराज अग्रसेन चौंक से सुबह मां बनभौरी धाम के दर्शनों के लिए रवाना की।

बस को झंडी दिखाकर रवाना करते कर्मचंद मित्तल व उनकी पत्नी।

देशखेड़ा गांव में मां भगवती धाम मंदिर में तपस्या पर बैठे महंत भूपेंद्र।

41 दिन की तपस्या कर रहे महंत भूपेंद्र

जींद। क्षेत्र के देशखेड़ा गांव में स्थित मां भगवती धाम में महंत भुपेंद्र 41 दिन की धुनों के बीच बैठ कर तपस्या कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में धाम के श्रद्धालु भी उनका पूरा सहयोग कर रहे हैं। महंत भूपेंद्र ने कहा कि वो क्षेत्र की सुख शांति के लिए तपस्या कर रहे हैं। हर वर्ष की तरह वो अबकी बार भी 41 दिनों तक धुनों के बीच बैठकर तपस्या कर रहे हैं। आदि काल से ही सनातन धर्म में तपस्या का बड़ा महत्व बताया गया है। इस दुनिया में रहते हुए इंसान को अपने गृहस्थ जीवन को निभाना चाहिए। अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देना चाहिए। तपस्या करने से आत्मा को शांति मिलती है और मन चंचल नही रहता। महंत भूपेंद्र ने बताया कि वो सदियों में 41 दिन की जलधारा लेते हैं। तपस्या पूरी होने के बाद मंदिर में हवन किया जाएगा। रोजाना सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु तपस्था स्थल पर पहुंचते हैं।

जानकारी देते राजपुरोहित आचार्य पुरुषोत्तम , दुल्हा ज्योतिष व दुल्हन तनु कौशिक।

बिना दहेज शादी कर पेश की मिसाल

सफीदों। सफीदों के एक ब्राह्मण परिवार ने बिना दान दहेज लिए शादी कर समाज के सामने एक मिसाल पेश की है। इस दहेज मुक्त शादी की चहुंओर पुरजोर प्रशंसा हो रही है। परिवार ने शगुन के रूप में एक रूपया एक नारियल लेकर समाज के सामने यह संदेश देने की कोशिश की है कि बेटियां पिता के सिर पर बोझ नहीं बल्कि घर की लक्ष्मी होती हैं। राजीव कालोनी निवासी राजपुरोहित आचार्य पुरूषोतम कौशिक के बेटे ज्योतिष कौशिक की शादी सोनीपत के गांव सांदल कलां की तनु के साथ तय हुई थी। शादी का दिन आया व सफीदों से बारात तनु के घर पर पहुंची। रितिरिवाज के अनुसार वहां पर सारे कार्य विधिविधान से चल रहे थे। बारात लेने के दौरान लड़की के परिवार की ओर से लड़के पक्ष के परिवार को 11 लाख नकद व सामान दहेज के रूप में दिया । लेकिन लड़के के पिता व दुल्हे ज्योतिष ने ये कहते लौटा दिए वे दहेज लेने के पक्षधर नहीं है।

लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाएं अधिकारी

- एसडीएम ने सफीदों व पिल्लूखेड़ा अनाज मंडियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने रविवार को सफीदों व पिल्लूखेड़ा मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं खरीद के उपरांत उठान भी बेहद जरूरी है। इसके लिए दोनों मंडियों में लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाएं। इस दौरान उन्होंने दोनों मंडियों में रखे गेहूं में नमी की जांच की और कहा कि सभी एजेंसियां निर्धारित नमी के अनुसार ही भंडारण करवाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खरीदी गई उपज के उठान की नियमित मॉनिटरिंग करते

निरीक्षण के बाद अधिकारियों को दिशा निर्देश देते एसडीएम पुलकित मल्होत्रा।

स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। एसडीएम ने बताया कि सफीदों की अनाज मंडी में अब तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा 77 हजार 981 एमटी गेहूं की खरीद की गई है। इसमें से हैफड द्वारा 27905 एमटी तथा हरियाणा वेयर हाउस द्वारा 18299 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। जबकि इस मंडी में अब तक 17727 मीट्रिक टन गेहूं की लिफ्टिंग हुई है। पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी में अब तक कुल आवक 64684 मीट्रिक टन हुई है। मंडी में हैफड द्वारा 21418 मीट्रिक टन तथा एफसीआई द्वारा 1356 मीट्रिक गेंहू की खरीद की गई है। पिल्लूखेड़ा अनाज मंडी में अब तक कुल 18124 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हुआ है।

जींद। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मौन प्रदर्शन करते छात्र।

आंतकी हमले के विरोध में प्रदर्शन

जींद। विद्या भारती एवं हिन्दू शिक्षा समिति से संबद्ध गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय के छात्रों ने शनिवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में रोष व्यक्त करते हुए विद्यालय के आस पास के क्षेत्र में पैदल मौन प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने पैदल मौन प्रदर्शन को विद्यालय से रवाना किया। उन्होंने कहा कि पर्यटकों पर किया यह हमला मानवता की हत्या है। अतः हम सभी देशवासियों को मिलकर इसका विरोध करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौन पैदल प्रदर्शन से हमारा उद्देश्य अंहिसा परमो धर्मः की भावना को उजागर करना है। हमारा देश शांतिपूर्ण ढंग से प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे हम सभी का यही उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए पर्यटकों की आत्मा को परमपिता परमात्मा शांति प्रदान करें।

जल संरक्षण अभियान की समीक्षा बैठक

पेयजल संरक्षण के बारे में जागरूक कर रही टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हर घर तक स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए चलाए जा रहे जल संरक्षण अभियान की रिव्यू मीटिंग हुई। इसमें कार्यकारी अभियंता भानु प्रकाश शर्मा ने कहा कि पेयजल को सर्विस स्टेशन, हरी सब्जी और हरा चारा लगाने में उपयोग किया तो ऐसे उपभोक्ता के पेयजल कनेक्शन काटकर उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ताकि आम व्यक्ति तक पीने का पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी

जींद। पेयजल कनेक्शन की जांच करते रणधीर मताना व उनकी टीम।

विभाग द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की टीम बनाकर लोगों के पेयजल से संबंधित समस्याओं को दूर किया जा रहा है। इसके तहत विभाग की टीम घर-घर जाकर पेयजल कनेक्शन की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में कुछ पेयजल उपभोक्ताओं द्वारा सर्विस स्टेशन के लिए पेयजल का उपयोग किया जा रहा है, जो गलत है। अगर कोई उपभोक्ता ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल के लिए विभाग की टीम पाइप लाइन लीकेज और अस्वच्छ कनेक्शन को तुरंत ठीक कर रही है। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि जिला जींद के सभी ब्लॉक में खंड समन्वयक, उपमंडल अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, पंप ऑपरेटर और ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की टीम घर-घर जाकर पेयजल संरक्षण के बारे में जागरूक कर रही है। उपभोक्ता को साफ और स्वच्छ पानी मिले, इसके लिए उसे पानी की जांच का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वह खुद पानी जांच कर सके। इसके साथ ही जिला में सभी जगह क्लोरीन युक्त पेयजल की सप्लाई की जा रही है और गांव की हर गली से पानी के सैंपल लेकर पेयजल में क्लोरीनेशन की जांच उपभोक्ता के सामने की जा रही है। ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के साथ विभाग की टीम गांव में घर-घर जाकर खुले चल रहे पेयजल के कनेक्शन चेक कर रही है। अगर किसी उपभोक्ता द्वारा अपने पेयजल कनेक्शन पर टेप नहीं लगाई हुई तो टीम उसे नलों पर टेप लगाने के लिए और जरूरत के मुताबिक पेयजल का उपयोग करने के लिए जागरूक कर रही है।

जींद। सम्मेलन को संबोधित करती वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन

जींद। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का नौवा जिला सम्मेलन नूतन प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत जिला अध्यक्ष नूतन प्रकाश ने झंडा फहराकर की। शोक प्रस्ताव जिला सहसचिव कोशिगन ने रखा। सबसे पहले पहलगाम में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते दो मिनट का मौन रखा । राज्य महासचिव उषा सरोहा ने कहा कि इस समय देश चौतरफा संकट से गुजर रहा है। महंगाई, बेरोजगारी, भूखमरी, आतंकवाद, अपराध आदि समस्याओं से जनता पीड़ित है। इन हालात में महिलाएं और छोटे बच्चे सबसे ज्यादा भुक्तभोगी हो रहे हैं। बड़ी संख्या में गरीब परिवारों के बीपीएल कार्ड कट रहे हैं। राशन डिपो पर मिलने वाले राशन में भी कटौती है। शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं महंगी हो रही हैं। महिलाओं पर हिंसा और अपराध की स्थिति इतनी विकराल हो गई है कि छोटी बच्चियों को भी नहीं बक्शा जा रहा।

खबर संक्षेप

चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में रक्तदान शिविर आज

जींद। पांच मई को केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल के जन्म दिन पर रक्तदान शिविर आयोजित होगा। शुभारंभ विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री करेंगे। कसूहन गांव के चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित होने वाले शिविर में रक्तदाओं को सड़ सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाने के साथ-साथ हेलमेट दिए जाएंगे।

अतीत के प्रति जागृति पैदा करनी होगी : ऊषा

राजौंद। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की राजौंद शाखा द्वारा रविवार को ज्ञान गंगा प्रवाह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में असंध से आई ऊषा बहन ने कहा कि आज दिनों दिन दुख परेशानी बढ़ती जा रही है ऐसे में हमारे दुखों को दूर करने का एक ही माध्यम अब हमारे सामने है और वह है हमारा परमात्मा से आंतरिक संबंध। जब हमारा आंतरिक संबंध परमात्मा के साथ होगा।

मारपीट व बाइक नहर में फैकने के आरोपी दबोचे

जींद। सदर थाना सफीदो पुलिस ने गांव सिवानामाल हैड पर नहाने गए युवकों के साथ मारपीट करने तथा बाइक नहर में फैकने के दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितो से पूछताछ कर रही है। गांव सिवानामाल निवासी सन्नी ने गत 28 अप्रैल को पुलिस को शिकायत दी थी।

साहिल शर्मा भौंगरा को किया सम्मानित

जींद। फ्यूचर एक्शन समिट-2025 में भारत का प्रतिनिधित्व कर प्रथम स्थान पर रहे साहिल शर्मा भौंगरा को नरवाना में आयोजित भगवान परशुराम जयंती पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी एवं एचपीएससी की पूर्व सदस्य डॉ. वंदना शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। वंदना शर्मा ने कहा कि साहिल बांगर क्षेत्र की शान है इस तरह के प्रतिभावान युवा आगे जाकर देश का नेतृत्व करते हुए देश को दिशा देते हैं।

निष्पक्षता से किए जाएंगे विकास कार्य : कृष्ण बेदी

जींद। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि ग्रामीण विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं शामिल हैं। क्षेत्र में विकास कार्यो के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। कैबिनेट बेदी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि गांव में आपसी भाईचारा बनाकर रखें।

रिर्टनिग वाल न होने से सड़क तालाब में मिली

राजौंद। नगर के जींद मार्ग पर वार्ड नंबर 6 व 7 में स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला के सामने तालाब की रिर्टनिंग वाल न होने से सड़क भी तालाब में मिल लग गई है। जिससे हर समय घटना होने का भय बना रहता है। पिछले लंबे समय से इस और किसी ने ध्यान नही दिया जिस कारण अब तो जींद को जाने वाला मुख्य मार्ग भी टूटकर तालाब में मिलने लग गया है। अगर अब भी संबंधित विभाग ने इस और ध्यान नही दिया तो वह दिन दूर नही जब इस सड़क पर आवाजावी रूकने को मजबूर हो जाएगी।

भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाला ही ब्राह्मण और परशुराम का अनुयायीः बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

कैथल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौल को सम्मानित करते।

कैथल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली पत्रकारों से बातचीत करते।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा ही देश को दिशा दिखाई है। सभी समाज को साथ लेकर चलने वाला ही सही मायने में ब्राह्मण है और भगवान परशुराम का सच्चाअनुयाई है। भगवान परशुराम प्रकाश पुंज की भांति हमारे समाज की धरोहर हैं, उन्होंने हमेशा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ सर्व समाज के हित के लिए कार्य किया। आज हम सभी का संकल्प है कि समाज उत्थान के लिए उनके विचार को आगे बढाएं। भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलते हुए वर्तमान सरकार सबका-साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की अवधारण से कार्य कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली रविवार को जिला सर्व ब्राह्मण सभा एवं धर्मशाला कैथल द्वारा भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। प्रधान विक्की शर्मा, नरेश भारद्वाज, डॉ प्रदीप शर्मा व वीरभान करोड़ा ने बडोली का स्वागत किया और उन्हें ब्राह्मण समाज की ओर से पगड़ी भेंट की। बडौली ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार थे। उनके नाम से ही पराक्रम झलकता है, क्योंकि परशु शब्द पराक्रम और राम शब्द सत्य सनातन का प्रतीक है। माता-पिता के बड़े भक्त भगवान परशुराम आज्ञाकारी संतान थे, जो अपने गुरूजन के भी प्रिय रहे। उन्होंने हमेशा अन्याय का विरोध किया तथा दीन-दुखिया, जरूरतमंद की मदद करते हुए समाज में हमें जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के नाम से करोड़ों रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके बनने से मेडिकल शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी। वर्तमान सरकार महापुरूषों की जयंती सरकारी स्तर पर मनाती है। रोहतक के पहरावर में राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जयंती मनाई जाएगी। गत दिनों पहलगाम में आतंकवाद हुई घटना की निंदा की और समाज से एकजुट होने का आह्वान किया। समाज में सभी निभाएं सकारात्मक भागीदारीः जांबा विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि भगवान परशुराम जी के आदर्श और उनके संदेश हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने समाज हित और धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र उठाए थे। हमारी परंपराएं, हमारी भाषा और हमारी संस्कृति को हमें संजोए कर रखना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज हम डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया और विकसित भारत बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। इन संकल्पों को पूरा करने के लिए हम सभी को अपनी किसी न किसी रूप में सकारात्मक भागीदारी निभानी चाहिए। जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि भगवान परशुराम किसी एक समाज के नहीं हैं, बल्कि सभी समाज में पूजनीय हैं।

हमारा पानी कोई रोक नहीं सकता : बडौली

कैथल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने पंजाब सरकार द्वारा पानी रोके जाने पर हरियाणा सरकार द्वारा चुप्पी साधने के अभय चौटाला के बयान पर पलटवार करते कहा कि अभय सिंह चौटाला हमेशा राजनीतिक ख्यालों में रहते हैं। वह इस तरह की राजनीति की बयान बाजी करते रहते हैं। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार है और गति के साथ विकास कार्य हो रहे हैं। मोहनलाल बडौली रविवार को कैथल में भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि पंजाब से हरियाणा के हिस्से का पानी न कभी रुका है और मैं कभी रुकेगा पानी पर सबका अधिकार है। पंजाब के साथ वह जल समझौता कोई आज का नहीं है। पंजाब हरियाणा और हिमाचल जब अलग-अलग हुए थे। उसे समय यह समझौता हुआ था। यह प्राकृतिक जल स्रोत है। इस पर सभी का अधिकार है। बीबीएमबी स्वतंत्र बोर्ड है। जो जल पानी के बंटवारे का काम करता है।

नरवाना। विजेता खिलाड़ी मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के साथ।

देश में सबसे ज्यादा मेडल लाते में हरियाणा के खिलाड़ी : कृष्ण बेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नरवाना

नवदीप स्टेडियम में रविवार को आयोजित 14वीं हरियाणा स्टेट जूनियर अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर कैबिनेटमंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शिरकत की। उन्होंने खिलाडिय़ों के उत्साहवर्धन के साथ खेल भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी अब 27 से 29 मई को भोपाल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप के दौरान 100 मीटर दौड़ में हिसार के आशीष यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। वहीं फतेहाबाद के राहुल सिवाच ने 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्टता साबित की। 800 मीटर दौड़ में फरीदाबाद के नीरज शर्मा ने जीत दर्ज की। 10000 मीटर दौड़ में फरीदाबाद के निशांत खरहाना ने प्रथम, अंबाला के अजय ने द्वितीय तथाभिवानी के सज्जन सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर हर्डल रेस में भिवानी के सक्षम ने प्रथम, हिसारके अभिषेक ने द्वितीय तथा जींद के हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि खेल क्षेत्र में हरियाणा मेडल की धरा है। पूरे भारत में सबसे ज्यादा मेडल हरियाणा के खिलाड़ी प्राप्त करते है। प्रदेश सरकार द्वारा मेडल प्राप्त करने वाले खिलाडय़ों को प्रोत्साहन स्वरूप सबसे ज्यादा धन राशि दी जाती है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक गोल्ड विजेता खिलाड़ी को छह करोड़ रूपये, सिल्वर को चार करोड़ रुपये, ब्रॉन्ज मेडल विजेता को अढ़ाई करोड़ रुपये दिए जाते है।

चरमराई व्यवस्था को दुरूस्त करने के दिए निर्देश

विधायक रामकुमार गौतम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सफीदों

कैथल। नागरिक अस्पताल का दौरा करते विधायक रामकुमार गौतम।

विधायक रामकुमार गौतम ने रविवार को नागरिक अस्पताल का दौरा किया। विधायक ने अस्पताल की साफ-सफाई को जांचा तो अस्पताल में साफ-सफाई नहीं मिली। इस मौके पर उन्हे बताया गया कि अस्पताल की बिल्डिंग खस्ता हालत में है। इसकी मुरम्मत के लिए 33 लाख रुपये तो जारी हो चुका है लेकिन मुरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। पिछले काफी लंबे अर्से से एक्स-रे मशीन बंद पड़ी है, अल्ट्रासाऊंड मशीन नहीं है, चिकित्सकों व स्टाफ की कमी है, दवाखाने में दवाईयां नहीं हैं तथा लैबोरेट्री में मरीजों के पूरे टैस्ट नहीं होते हैं और काफी टेस्ट बाहर से महंगे रेटों पर करवाने पड़ते हैं। जिस पर विधायक ने अस्पताल प्रशासन को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को समय पर इलाज मिलना चाहिए और उनके इलाज में किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्हे यहां पर अन्य भी कई प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं लेकिन भविष्य में इस प्रकार की शिकायतें बर्दास्त नहीं की जाएंगी।

स्कॉलरशिप के लिए कुल 210 करोड़ आवंटित

चंडीगढ़ विवि ने मेधावी छात्रों को 100% स्कॉलरशिप हासिल करने का दिया मौका

834 को 2024-25 में मिले टॉप मल्टीनेशनल कंपनियों से जॉब ऑफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

कैथल। चंडीगढ़ विवि के चांसलर के सलाहकार प्रो डॉ आरएस बावा छात्रा को सम्मानित करते।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी हर गुजरते दिन के साथ नई ऊंचाइयों को छू रही है और हाल ही क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट 2025 में यूनिवर्सिटी ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में उच्च शिक्षा के शीर्ष संस्थानों के बीच अपनी स्थिति को मजबूत किया है। चंडीगढ़ विवि आर्थिक रूप से कमजोर व मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा का अवसर प्रदान करने के लिए सीयूसीईटी 2025 के माध्यम से 210 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर रही है। उवउएळ एक अग्रणी पहल है, जिसके जरिए छात्र 100% तक छात्रवृत्ति प्राप्त कर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर सकते हैं। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली ने 2012 से अब तक 1.30 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की है, जिनमें से 53,145 छात्र केवल पिछले 5 वर्षों में लाभान्वित हुए हैं। इनमें भारत के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों सहित विदेशी छात्र भी शामिल हैं। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले हरियाणा के कुल 7250 छात्रों में से, 1160 छात्रों को 2023-24 शैक्षणिक सत्र के दौरान छात्रवृत्ति मिली है। चांसलर के सलाहकार प्रो डॉ आरएस बावा ने हरियाणा के कैथल में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दी। प्रो. बावा के बताया कि चंडीगढ़ विवि ने साल 2025 में स्कॉलरशिप के लिए कुल 210 करोड़ आवंटित किए हैं। इसमें से 170 करोड़ की छात्रवृत्ति चंडीगढ़ विवि के मोहाली, जबकि 40 करोड़ चंडीगढ़ विवि के लखनऊ कैंपस में पढ़ने वाले छात्रों को दी जाएगी।

बाबा खाटू श्याम श्रद्धालुओं की बस को दिखाई झंड़ी

सीवन। बाबा खाटू श्याम परिवार सीवन द्वारा आयोजित 15वीं 2 दिवसीय बस यात्रा रविवार सुबह श्री बाबा खाटू श्याम जी एवं श्री सालासर बालाजी धाम के लिए रवाना हुई। बस को भाजपा नेता रवि तारांवली ने श्री श्याम ध्वजा दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं व समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है । इस धार्मिक बस यात्रा की अध्यक्षता संस्था के प्रधान व पार्षद संजय कंसल ने की। उन्होंने बताया कि यह 2 दिवसीय धार्मिक बस यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक उन्नति, भक्ति भाव और सामाजिक समरसता का अनुभव करवाएगी। यात्रा के दौरान भक्तजन भजन-कीर्तन, सत्संग व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस धार्मिक बस यात्रा में जो श्रद्धालु भाग ले रहे हैं वे राजस्थान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों, श्री बाबा खाटू श्याम जी और श्री सालासर बालाजी धाम के दर्शन करेंगे। इस अवसर पर प्रधान संजय कंसल, उप-प्रधान सोनू सैनी, संरक्षक मनोज गिरधर और नरेश आहूजा, बिंदु मिड्डा, डब्बू वर्मा, संजू पंसारी, चिमनलाल गर्ग, नीरज बंसल सहित समिति के सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

हर राज्य पानी के संकट से परेशान, सभी को जल देना केंद्र सरकार की जिम्मेदारीः डा.गुप्ता

■ आप के प्रदेश अध्यक्ष ने कैथल में किया पार्टी कार्यालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

कैथल। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करते।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कैथल के जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। इससे पहले जिला अध्यक्ष जगमग मटौर ने डॉ. गुप्ता का स्वागत किया। अमरीक मोर, सतबीर सौंगरी, सिया राम, रामकिशन शर्मा, सुनील सहारण, दलबीर सौंगरी, दिलबाग पुंडरी, सुरेश कौल, सरूप फौजी, सोनिया लाट, सुभाष चौहान, राजबीर सोंगल, पाल सिंह प्रधान, विजय कांसल, छात्र नेता सेशु मलिक , विक्की करोडा, नरेश मलिक, सोनू और दीपक कसान समेत पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। डॉ. गुप्ता ने उद्घाटन के पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि ये कार्यालय जनसेवा और संगठनात्मक मजबूती का केंद्र बनेगा। ये कार्यालय आम जनता की समस्याओं के समाधान और पार्टी के विस्तार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं, मीडिया से बातचीत में पानी के मुद्दे पर कहा कि आज हर राज्य पानी के संकट से परेशान है। हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और राजस्थान सभी राज्यों के अपने हिस्से का पानी मिलना चाहिए और यह जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। कहा प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में सरकार बनने से पहले कहा था कि हमारी सरकार बना दो, जो भारत का पानी बह कर पाकिस्तान जा रहा है मैं उसको रोकूंगा और सभी राज्यों को पानी दूंगा।

कैथल। योग शिविर का शुभारंभ करते सुशील जिंदल ।

शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ दिया प्राणायाम

गुहला-चीका। विश्वकर्मा मंदिर, चीका में आयोजित 15 दिवसीय मोटापा, शुगर एवं बीपी पर केंद्रित योग शिविर का आज चौथा दिन रहा। इस अवसर पर सभी साधकों का ब्लड प्रेशर, शुगर और मोटापे की जांच की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सुशील जिंदल ने दीप प्रज्वलित कर किया। योग सत्र का नेतृत्व आचार्य हरिओम जी एवं चरण दास गुप्ता जी ने किया। उन्होंने साधकों को मोटापा और मधुमेह से राहत दिलाने वाले विशेष योगासनों और प्राणायामों का अभ्यास करवाया। साथ ही, उन्होंने संतुलित जीवनशैली और सही खानपान की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। शिविर में बताया गया कि नियमित योग और नियंत्रित आहार से न केवल वजन और शुगर नियंत्रित रहता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्राप्त होती है। शिविर में भाग ले रहे प्रतिभागी उत्साहपूर्वक योग का अभ्यास कर रहे हैं और इसे अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा ले रहे हैं। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक प्रयास है, बल्कि जनजागरण का भी माध्यम बन रहा है।

कांग्रेस का संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम सात को

जींद। हरियाणा कांग्रेस द्वारा पूरे प्रदेश में संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला जींद में सात मई को संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन जाट धर्मशाला में किया जाएगा। इसमें मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान और रोहतक से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी को चेयरमैन, सफीदों से पूर्व विधायक सुभाष गांगोली को संयोजक, महाबीर गुप्ता को सह संयोजक, जुलाना की विधायक विनेश फौगाट, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह और सतबीर दबलैन को इसके सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए रविवार को सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें कार्यक्रम के संयोजक सफीदों से पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, सह संयोजक महाबीर गुप्ता, सदस्य सतबीर दबलैन, पूर्व जिलाध्यक्ष बलराम कटवाल, युवा जिलाध्यक्ष दिनेश डाहौला, राजू लखीना, पवन गर्ग, राजपाल लाठर, जसबीर कुंडू, कमल चौहान उपस्थित रहे।

स्वच्छता जीवन का अमूल्य हिस्साः नाडा

जींद। सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट आर्फ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट (सेव) ने रविवार को अर्बन स्टेट पार्क में श्रमदान किया। संस्था प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 424 वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने पार्क में साफ सफाई करने के साथ-साथ आम आदमी को पर्यावरण शुद्ध रखने का संदेश दिया। नरेंद्र नाडा ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अमूल्य हिस्सा है। स्वच्छता से पर्यावरण भी शुद्ध होता है। शुद्ध पर्यावरण में बीमारियां कम होती हैं। हर आदमी ने स्वच्छता में अपना योगदान देना चाहिए और डस्टबिन प्रयोग करने की आदत अपनानी चाहिए। आस पड़ोस के पार्कों को वहां के लोगों ने सामाजिक संस्थाओं ने पार्क पॉलिसी के तहत गोद लेकर उनकी देखरेख करनी चाहिए।

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या कालेज ढांड-डडवाना में दीक्षांत समारोह

सांसद और पूर्व विधायक ने बांटी डिग्रियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶। ढांड

कैथल। सांसद नवीन जिंदल व तेजवीर सिंह छात्राओं को डिग्रियां प्रदान करते।

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या कालेज ढांड-डडवाना में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान एवं पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने की। महाविद्यालय में पहुंचने पर सांसद जिंदल का फूलों के साथ स्वागत किया गया।

सर्व प्रथम जिंदल ने महाविद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वः ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. संगीता शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों का बखान किया। तेजवीर सिंह ने कहा कि मेरे पूज्य पिता स्वर्गीय ईश्वर सिंह ने इस शिक्षण संस्थान की नींव रखी थी। उनकी एक ही सोच थी कि ग्रामीण आंचल की हमारी बेटियों को भी उच्च शिक्षा मिले और यह तभी संभव हो सकेगा जब बेटियों को उनके घर के नजदीक कोई शिक्षण संस्थान हो। इसी सोच के साथ उन्होंने ढांड व पूंडरी में महिला महाविद्यालयों की स्थापना की थी जो आज एक वट वृक्ष का रूप धारण कर चुकें है। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा रूपी वट वृक्ष को आगे बढ़ाने में क्षेत्र के लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। सांसद जिंदल ने कहा कि आज हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारी बेटियां शिक्षित होकर स्नातक की डिग्री हासिल कर रही है। बेटियों का शिक्षित होना आज समाज में बहुत ही जरूरी है।

सांसद ने 50 लाख देने की घोषणा की

सांसद ने चौ. ईश्वर सिंह कन्या कालेज में स्किल डेवेल्पमेंट सेंटर खोलने के लिए 50 लाख देने की घोषणा की और साथ ही कहा कि अगर इसके लिए यह राशि कम पड़ती है तो उसके लिए ओर इंतजाम किया जाएगा। पूंडरी हलके में बेटियों के शिक्षण संस्थान खोलने के लिए सांसद ने ईश्वर सिंह को शिक्षा का धनी मानते हुए कहा कि यह उन्होंने बहुत ही पुन्य का कार्य किया है। कार्यक्रम के अंत में सांसद नवीन जिंदल व तेजवीर सिंह ने लड़कियों को स्नातक की डिग्रियां बांटी। डिग्रियां हासिल कर लड़कियां प्रफुल्लित हो उठी। अवसर पर बाबू अनंतराम जनता महाविद्यालय कौल के प्राचार्य डा. ऋषिपाल भी मौजूद थे।